p>

Title:Need to ensure participation of farmers in plantation drive in the country - Laid

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): बढ़ती जनसंख्या के कारण शुद्ध वायु न मिलने एंव पर्यावरण दूषित होने से बचाने के लिए शासन द्वारा लगातार वृक्षारोपण किए जाने की सलाह दी जाती है एंव इसे अभियान बनाकर वृक्षारोपण करने का कार्यक्रम बहुत तेज़ी से पूरे देश में चल रहा है, उन सबके बावजूद भी जितनी संख्या में पेड़ लगने है उस अनुरूप संरक्षित नहीं हो पाते हैं । इससे हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है । अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि यदि किसानों एंव संस्थाओं को वृक्षारोपण एंव संरक्षा से जोड़ दिया जाए जिससे वृक्ष जिस किसान के खेत या भूमि में होंगे तो उसके अनुपात में किसान को कार्बन क्रेडिट के रूप में राशि दी जाए तो इससे किसान को आर्थिक लाभ होगा इससे उसकी रूचि वृक्षारोपण के प्रति बढ़ेगी । अन्य फसलों को नुकसान होने से वह पेड़ों का संरक्षण नहीं करता है इससे मुक्ति मिलेगी । फसल कम होने की भरपाई वृक्षों से होगी तो किसान । संस्थाएं अधिकतन वृक्षों को संरक्षित करने का काम करेगी एंव किसान की आय दुगुनी करने में कार्बन क्रेडिट के रूप में धन राशि मिलने से सहायता मिलेगी ।